नवोदय टाइम्स
SUN,17 AUGUST 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 3

# ईएसआईसी में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

## ■ उपक्षेत्रीय कार्यालय गुड़गांव में आजादी का जश्न

गुड़गांव, 16 अगस्त (ब्यूरो): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) उप क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया।

इस उपलक्ष्य में कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव द्वारा अधिकारियों /कर्मचारियों की उपस्थिति में देश के प्रति निष्ठावान होने के संकल्प के साथ झंडारोहण किया गया।

कार्यालय अध्यक्ष ने उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराते हुए अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि यह अत्यंत गौरव का विषय है। हम यहां 79वें स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए उपस्थित हुए हैं। अपने वक्तव्य को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि 15 अगस्त-2025 को भारत को आजादी मिले 78 साल पूरे हो गए हैं। इस वर्ष की थीम 'नया भारत है, जो विकसित भारत-2047 विजन की दिशा में हो रही प्रगति को दर्शाएगा।



ध्वजारोहण के उपरांत खडा ईएसआईसी स्टाफ।

समारोह का उद्देश्य एक समृद्ध, सुरक्षित व साहसी नए भारत के उदय का उत्सव मनाना व राष्ट्र को आगे बढ़ने की नई ऊर्जा प्रदान करना है। यह समारोह भारत की प्रगति, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के बढ़ते कदमों का प्रतीक है। ज्ञात हो कि भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है। जो आज भी बहुरंगी, विविधता व व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुए है। आज़ादी के बाद भारत ने बहुआयामी सामाजिक व आर्थिक प्रगति की है। भारत कृषि में आत्मनिर्भर हो चुके है अब दुनिया के सबसे औद्योगीकृत देशों की श्रेणी में भी इसकी गिनती की जाती है। ध्वजरोहण के उपरांत सभी को मिष्ठान वितरीत कर 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया गया।